## खण्ड – II
## भाषा – I
# हिन्दी

इस खण्ड में कुल **30** प्रश्न हैं ।

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्न संख्या **31** से **34** तक के उत्तर दीजिए :

विद्याभ्यासी पुरुष को साथियों का अभाव कभी नहीं रहता । उसकी कोठरी में सदा ऐसे लोगों का वास रहता है, जो अमर हैं । वे उसके प्रति सहानुभूति प्रकट करने और उसे समझाने के लिए सदा प्रस्तुत रहते हैं । कवि, दार्शनिक और विद्वान जिन्होंने प्रकृति के रहस्यों का उद्घाटन किया है और बड़े-बड़े महात्मा, जिन्होंने आत्मा के गूढ़ रहस्यों की थाह लगा ली है, सदा उसकी बातें सुनने और उसकी शंकाओं का समाधान करने के लिए उद्यत रहते हैं । बिना किसी उद्देश्य के सरसरी तौर पर पुस्तकों के पन्ने उलटते जाना अध्ययन नहीं है । लिखी हुई बातों को विचारपूर्वक, पूर्णरूप से हृदय से ग्रहण करने का नाम अध्ययन है । प्रत्येक स्त्री-पुरुष को अपनी शिक्षा का उद्देश्य स्थिर कर लेना चाहिए ।

31. 'विद्वान' का स्त्रीलिंग है
    - (A) महिषी
    - (B) विदुषी
    - (C) ज्ञानी
    - (D) विभूषी

32. एकवचन, बहुवचन का सही युग्म है
    - (A) पुरुष – पुरुषों
    - (B) पुस्तक – पुस्तकें
    - (C) साथी – साथियाँ
    - (D) स्त्री – महिला

33. 'उद्यत' शब्द का सही अर्थ है
    - (A) अनुपम
    - (B) व्याकुल
    - (C) तैयार
    - (D) परिश्रमी

34. 'बड़े-बड़े महात्मा सदैव लोगों की शंकाओं का समाधान करने के लिए उद्यत रहते हैं' वाक्य में कौन-सा काल है ?
    - (A) सामान्य भूतकाल
    - (B) सामान्य भविष्य काल
    - (C) संभाव्य वर्तमान काल
    - (D) सामान्य वर्तमान काल

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्न संख्या **35** से **39** तक के उत्तर लिखिए :

सुखी, सफल और उत्तम जीवन जीने के लिए किए गए आचरण और प्रयत्नों का नाम ही धर्म है । देश, काल और सामाजिक मूल्यों की दृष्टि से संसार में भारी विविधता है, अतएव अपने-अपने ढंग से जीवन को पूर्णता की ओर ले जानेवाले विविध धर्मों के बीच भी ऊपर से विविधता दिखाई देती है । आदमी का स्वभाव है कि वह अपने विचारों और जीने के तौर तरीकों को तथा अपनी भाषा



www.MDSmartClasses.com
Scanned with CamScanner

और खानपान को सर्वश्रेष्ठ मानता है तथा चाहता है कि लोग उसी का अनुसरण और अनुकरण करें; यथाशक्ति दूसरों से अपने धर्म को श्रेष्ठतर समझते हुए वह चाहता है कि सभी लोग उसे अपनाएँ । इसके लिए वह जोर-जबर्दस्ती को भी बुरा नहीं समझता । धर्म के नाम पर होनेवाले जातिगत विद्वेष, मारकाट और हिंसा के पीछे मनुष्य की यही स्वार्थ-भावना काम करती है ।

35. 'देश' शब्द का पर्यायवाची है
(A) वासव (B) अटवी
(C) सदन (D) राष्ट्र

36. 'उत्तम' का विलोम है
(A) अगम (B) अधम
(C) उच्च (D) अज्ञ

37. 'अपने हित के लिए किया गया कार्य' वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(A) परोपकार (B) दूरदर्शी
(C) स्वार्थ (D) अक्षम्य

38. 'विद्वेष' शब्द में उपसर्ग है
(A) वि (B) वी
(C) विद् (D) व

39. 'यथाशक्ति' शब्द में समास का प्रकार है
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष
(C) बहुव्रीहि (D) कर्मधारय

40. मुहावरे के प्रयोग से बने वाक्य का सही विकल्प चुनिए :
(A) सुरेश की तो अक्ल मर गई ।
(B) बंद कमरे में उसका दम फूलने लगा ।
(C) दोनों भाई खेत के स्वामित्व के लिए लाल-पीले हो रहे थे ।
(D) चोरी करते पकड़े जाने पर उसकी नाक झुक गई ।

41. हिन्दी भाषा में वाक्य के मनुष्य अंग होते हैं
(A) दो (B) पाँच
(C) चार (D) तीन

42. 'खुद श्रीमान बैंगन खाए, औरों को परहेज बताएँ' लोकोक्ति का सही अर्थ है
(A) कहने से जिद्दी व्यक्ति काम नहीं करता
(B) बैंगन खाने के नुकसान बताना
(C) उपाय वही अच्छा जो कारगर हो
(D) केवल दूसरों को सलाह देना लेकिन उसे व्यवहार में न लाना

43. 'परोपकार' में किस संधि का प्रयोग है ?
(A) वृद्धि संधि (B) गुण संधि
(C) यण संधि (D) अयादि संधि



www.MDSmartClasses.com
Scanned with CamScanner

44. 'मुझे विश्वास है कि उन्हें किसी अन्य बंदी से नहीं मिलने दिया जाता था ।' उक्त वाक्य है

(A) सरल वाक्य
(B) मिश्र वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य
(D) साधारण वाक्य

45. 'आपका जीवन सुखमय हो' अर्थ भेद के आधार पर यह किस प्रकार का वाक्य है ?

(A) विधानवाचक
(B) इच्छावाचक
(C) संकेतार्थक
(D) आज्ञावाचक

46. जिस समास में सामासिक पद के दोनों पदों में विशेषण-विशेष्य या उपमेय-उपमान का संबंध हो, वह है

(A) द्विगु समास
(B) द्वंद्व समास
(C) कर्मधारय समास
(D) बहुव्रीहि समास

47. 'डॉ० चंद्रा अदम्य साहस की धनी थी' वाक्य में रेखांकित शब्द में विशेषण है

(A) परिमाणवाचक
(B) व्यक्तिवाचक
(C) संकेतवाचक
(D) गुणवाचक

48. निम्नलिखित में से 'उद्धरण' के लिए प्रयुक्त किया जानेवाला चिह्न है

(A) ;
(B) " "
(C) –
(D) ।

49. उस शिक्षाशास्त्री का नाम बताइए जिन्होंने कहा था, "स्कूल एक बाग है, अध्यापक एक माली, और बच्चे पौधे के समान हैं ।"

(A) वाशबर्न
(B) डेक्रॉली
(C) फ्रोबेल
(D) मॉण्टेसरी

50. राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी द्वारा प्रवर्तित 'बेसिक शिक्षा' का एक प्रमुख सिद्धांत है

(A) व्यक्तिगत भिन्नता पर बल देना ।
(B) कक्षा के स्थान प्रयोगशाला में शिक्षा देना ।
(C) मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा प्रदान करना ।
(D) खेल के माध्यम से शिक्षा देना ।

51. निम्नलिखित में से कौन-सी बोलने की योग्यता है ?

(A) शुद्ध वर्तनी
(B) सुलेख
(C) श्रुतलेख
(D) आशुभाषण

52. रेडियो अधिगम सामग्री है

(A) दृश्य अधिगम सामग्री
(B) श्रव्य-दृश्य अधिगम सामग्री
(C) श्रव्य अधिगम सामग्री
(D) इनमें से सभी



www.MDSmartClasses.com
Scanned with CamScanner

53. ध्वनि, शब्द एवं वाक्य-रचना का ज्ञान देना हिन्दी शिक्षण का कौन-सा उद्देश्य है ?
(A) कौशलात्मक उद्देश्य (B) सृजनात्मक उद्देश्य
(C) रसात्मक उद्देश्य (D) ज्ञानात्मक उद्देश्य

54. शिक्षक श्यामपट्ट, कॉपी या स्लेट पर अक्षरों को लिख देता है और छात्रों को कहता है कि इन अक्षरों को देखकर उनके नीचे स्वयं उसी प्रकार अक्षर बनाएँ । यह विधि है
(A) पेस्टोलॉजी विधि (B) अनुकरण विधि
(C) मॉण्टेसरी विधि (D) जे कॉटॉट विधि

55. बहुविकल्प, सही गलत, विषम का चुनाव, युगलीकरण एवं रिक्त स्थान की पूर्ति किस प्रकार के प्रश्नों के भेद हैं ?
(A) लघूत्तर प्रश्न (B) निबंधात्मक प्रश्न
(C) वस्तुनिष्ठ प्रश्न (D) इनमें से सभी

56. 'व्याकरण-शिक्षण' प्रणाली में किस प्रणाली को विकृत रूप में 'सुग्गा' प्रणाली भी कहते हैं ?
(A) निगमन प्रणाली (B) अव्याकृति प्रणाली
(C) पाठ्य-पुस्तक प्रणाली (D) आगमन प्रणाली

57. नवीन शिक्षण पद्धतियों में 'प्रोजेक्ट पद्धति' के व्यापक प्रयोग का श्रेय किसको है ?
(A) ड्यूवी और किलपैट्रिक को (B) स्टीवेन्सन और रिचर्ड्स को
(C) कुमारी हेलन पार्कहर्स्ट को (D) कार्लटन वाशबर्न को

58. "शिक्षकों को बालक की रुचि का सदैव ध्यान रखना चाहिए । जब बालक की रुचि पढ़ने की ओर नहीं हो, तो उसे नहीं पढ़ाना चाहिए । इससे उसके विचारों में बाधा पहुँचती है । पाठ पढ़ाने से पूर्व उन्हें पाठ में बालकों की रुचि पैदा करनी चाहिए ।"
उपर्युक्त कथन भाषाई कौशल में किसका है ?
(A) स्टीवेन्सन का (B) कार्लटन का
(C) हरबर्ट का (D) ड्यूवी का

59. पाठ्य-पुस्तकों के उद्देश्य के अंतर्गत पाठ्य-पुस्तकें शिक्षक या बालकों के लिए है
(A) साध्य नहीं वरन् साधन हैं । (B) पुस्तकें शिक्षक व शिक्षार्थी के लिए साध्य हैं ।
(C) अध्यापन हेतु साध्य एवं साधन हैं । (D) साधन कम साध्य अधिक हैं ।

60. भाषा-शिक्षण में उपयोगी श्रव्य-दृश्य साधन है
(A) रेडियो (B) अभिनय
(C) श्यामपट्ट (D) पोस्टर

www.MbSmartClasses.com



Scanned with CamScanner